हरिभूमि
# कोरबा भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 6 मई 2025
[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

2 समाधान शिविर के भैसमा क्लस्टर में 4 हजार से अधिक आवेदन हुए प्राप्त



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

## पाली ब्लॉक के मदनपुर में उतरा मुख्यमंत्री का उड़नखटोला, समाधान शिविर में हुए शामिल

# योजनाओं की हकीकत जानने का माध्यम है सुशासन तिहार : साय



समाधान शिविर मदनपुर में ग्रामीणों को संबोधित करते मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय।



शिविर में उपस्थित ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सुशासन तिहार के अंतर्गत सोमवार को तीसरे चरण का आगाज हो गया। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का उड़न खटोला पाली ब्लॉक के ग्राम मदनपुर में लगाए गए समाधन शिविर में उतरा। यहां मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। मुख्यमंत्री ने समाधान पेटी में डाले गए आवेदनों की निराकरण की स्थिति भी जानी। उन्होंने सुशासन तिहार की सार्थकता को बताते हुए ग्रामीणों से उनके गाँव और गाँव की समस्या के बारे में जानकारी ली।

मुख्यमंत्री श्री साय ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से छत्तीसगढ़ की सरकार आपके गाँव पहुंच रही है। इसके माध्यम से सरकार योजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन की स्थिति भी जान रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी आपके सेवक हैं और सुशासन तिहार की इस अवधि में प्रदेश में बिना किसी को बताए किसी भी स्थान पर पहुंचकर वस्तुस्थिति की जानकारी लेंगे। उन्होंने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि आज तीसरे चरण के पहले दिन ऊर्जाधानी कोरबा के एक गांव में मेरा आना हुआ और आप सभी से मिलना हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार आपकी सेवा के लिए हैं और जो भी समस्या है उसे चिट्ठी लिखकर जरूर बताएं। निराकरण के लिए सरकार तत्पर है। श्री साय ने कहा कि आप सभी के आशीर्वाद से हमारी सरकार बनी और डेढ़ वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस अवधि में हमारी सरकार ने मोदी की गारंटी के तहत किए गए हर वादे को पूरा किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने शपथ लेते ही अगले दिन से प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी। किसानों का वादा पूरा किया। 31 सौ रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी और 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी का निर्णय लिया। दो वर्ष का बकाया धान बोनस भी दिया। 70 लाख से अधिक महिलाओं को महतारी वन्दन योजना की राशि उनके खाते में देकर आर्थिक समृद्धि का द्वार खोला। मुख्यमंत्री ने कहा कि तेंदूपत्ता संग्रहण करने वाले हितग्राहियों के हित में निर्णय लेते हुए प्रति मानक बोरा की राशि 4 हजार से बढ़ाकर 5500 रुपये किया गया। इसके साथ ही रामलला दर्शन योजना प्रारंभ कर 22 हजार हितग्राहियों को दर्शन कराया है। उन्होंने बताया कि हमारी सरकार ने बड़े-बुजुर्गों की इच्छाओं को पूरा करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री तीर्थ योजना को पुनः प्रारंभ किया है।

### ग्रामीणों को बैंक नहीं जाना पड़ेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने 24 अप्रैल से ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सेवा केंद्र प्रारंभ किया है। इस योजना से सभी ग्राम पंचायत जुड़ेंगे और ग्रामीणों को गाँव में ही बैंक जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि अटल डिजिटल सेवा केंद्र में किसी भी योजना के हितग्राहियों को राशि निकालने में सुविधा होगी। वहीं जाति, निवास सहित अन्य दस्तावेज भी मिल पाएंगे। अभी 1460 पंचायत में यह सेवा प्रारंभ की गई है। इससे ग्रामीणों को बैंक तक दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी।

### डीएमएफ की राशि का दुरुपयोग करने वालों पर होगी कार्रवाई

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के साथ कार्यवाही भी कर रही है। डीएमएफ की राशि का दुरुपयोग करने वालों पर भी कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि जमीन की रजिस्ट्री के साथ सरकार ने नामांतरण की प्रक्रिया प्रारंभ की है। इससे कोई अधिकारी नामान्तरण के नाम पर किसी को घुमा नहीं पायेगा। एक घण्टे से कम समय में नामांतरण हो जाएगा।

### मुख्यमंत्री का धन्यवाद, प्रथम दिवस में कोरबा आएं : लखनलाल

समाधान शिविर में पहुँचे उद्योग, वाणिज्य और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से प्रदेश के कोने-कोने में शिविर का आयोजन कर आवेदन लिए गए। इस बहाने लोगों से न सिर्फ मुलाकात होगी। उनकी समस्याओं का निराकरण भी होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अचानक से किसी भी जगह जाएंगे। हमें भी मालूम नहीं था कि वे यहाँ आएंगे। यह सौभाग्य है कि सुशासन तिहार के पहले दिन वे कोरबा जिले के मदनपुर आये। इसके लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हमारी सरकार धूप छांव की परवाह नहीं करती। हम सभी जमीन से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है कि सरकार बनने के कुछ दिनों के भीतर ही मोदी की गारंटी को पूरा किया गया है।

### हर पात्र और जरूरतमन्द को मिलेगा पीएम आवास

मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि अब पीएम आवास के लिए नियमों को शिथिल किया गया है। पाँच एकड़ असिंचित और ढाई एकड़ सिंचित भूमि वाले, दोपहिया वाहन वाले, 15 हजार रुपए मासिक आमदनी वाले हितग्राहियों को भी आवास उपलब्ध हो सकेगा। इसके लिए सर्वे भी हुए हैं।

## खबर संक्षेप

### निगम में समाधान शिविरों का आगाज कल से

**कोरबा।** सुशासन तिहार के अन्तर्गत नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत 7 मई से समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। निगम क्षेत्र का पहला समाधान शिविर 7 मई को कोरबा जोन कार्यालय में आयोजित होगा। इन सभाधान शिविरों में निराकरण किए गए आवेदनों का वाचन कर यह जानकारी दी जाएगी कि आवेदनां का क्या निराकरण किया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशों के तहत छत्तीसगढ़ शासन से बात मार्गदर्शन के अनुरूप कोरबा जिले के साथ-साथ नगर निगम क्षेत्र में भी सुशासन तिहार आयोजन किया जा रहा है। इसके प्रथम चरण में 8 से 11 अप्रैल तक निगम के सभी जोन में शिविर आयोजित कर आमनागरिको से उनकी मांग व शिकायतो के सम्बन्ध में आवेदन प्राप्त लिए गए थे, वही दूसरे चरण में इन प्राप्त आवेदनों के निराकरण की कार्यवाही की गई थी। अब सुशासन तिहार के तीसरे चरण में समाधान शिविरों का आयोजन कर निराकरण किए गए आवेदनों का वाचन कर निराकरण कार्यवाही की जानकारी आवेदनकर्ताओं को प्रदान की जाएगी।

## कांग्रेस ने पांच साल में जल जीवन मिशन का किया बंटाधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केंद्र सरकार कई जन कल्याणकारी योजनाएं प्रदेशभर में चला रही है। इन्हीं योजनाओं में गांव के लोगों के घरों तक पानी पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन योजना भी शामिल थी। पिछले पांच साल में कांग्रेस सरकार ने इस योजना का ऐसा बंटाधार किया कि और जल स्त्रोत खोजने के पहले पानी टंकी बना दी गई और पाईप लाइन बिछा दी गई।

**खास बातें**

- इस योजना को दुरुस्त करने का कार्य किया जाएगा
- चैतमा मदनपुर में पत्रकारों से बातचीत में कहा सीएम ने

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि जल जीवन मिशन में जिस तरह का काम पिछले पांच साल में कांग्रेस सरकार को करना चाहिए था वैसा नहीं हुआ अब इस योजना में जो भी खामियां आई है उसको दुरुस्त करने का काम हमारी सरकार कर रही है। श्री साय ने आगे कहा कि सरकार के डेढ़ साल के कार्यकाल में जो कल्याणकारी योजनाएं जनता के लिए बनाई गई थी, उन योजनाओं का लाभ जनता को कहां तक और किस स्तर तक मिला इसकी हकीकत जानने के लिए आज से औचक निरीक्षण किया जा रहा है। जनता के बीच पहुंचकर सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत देखी जा रही है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि सुशासन तिहार तीन चरणों में शुरु हुआ है पहले चरण में 8 से 11 अप्रैल तक आवेदन लिए गए हैं। इस दौरान प्रदेश में 40 लाख से अधिक आवेदन आम जनता से मिले हैं और 11 अप्रैल से इन आवेदनों का निराकरण का काम किया जा रहा है। आज से मई माह तक समाधान शिविर लगेगा। जिसमें सरकार जनता के बीच जा रही है और इसमें देखा जा रहा है कि सरकार की योजनाएं कहां तक पहुंची और इससे यह पता किया जा रहा है कि सुशासन की बात एवं पारदर्शी सरकार की बात करते हैं। सुशासन तिहार से इसमें बहुत फर्क पड़ेगा।

### प्लेसमेंट कैंप 8 को

**कोरबा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में 8 मई को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। प्लेसमेन्ट कैम्प के माध्यम से एसके सेफ्टी विंग (एमाजॉन) हैदराबाद के अंतर्गत वेसरहाउस एसोसिट्स के कुल 5 सौ पद, कार्यस्थल हैदराबाद, मित्रा ग्रुप ऑफ कंपनी रायपुर के अंतर्गत सुपरवाईजर के 10 और सर्वेयर के 20 पद कार्यस्थल कोरबा, वेदान्ता स्कील स्कूल बालको अंतर्गत सिविंग मशीन आपरेटर इलेक्ट्रिशियन आदि की नियुक्ति की जाएगी।



## खबर संक्षेप

### बाइक से पर्स लूटने की कोशिश, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** बाइकर्स ने झपट्टा माकर बाइक सवार एक महिला के हाथ से पर्स लूटने की कोशिश की। जिससे महिला गिरकर घायल हो गई है। इधर पर्स नहीं लूटपाने पर बाइकर्स भाग गए थे। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है। कोनी टीआई किशोर केंवट ने बताया, 1 मई को मदनपुर निवासी विजय साहू अपनी पत्नी के साथ काम से बिलासपुर आए थे। काम निपटाने के बाद दोनों बाइक से घर लौट रहे थे। मोहतराई के पास पीछे से बाइक सवार दो युवक आए और झपट्टा मारकर उनके पत्नी के हाथ से पर्स लूटने की कोशिश की। पर्स को बचाने के फेर में उनकी पत्नी पत्नी चलती बाइक से गिरकर घायल हो गई और बाइक सवार युवक रतनपुर की ओर भाग गए। श्री साहू ने घायल पत्नी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 5 मई को कोनी पुलिस ने श्री साहू की रिपोर्ट पर अज्ञात बाइक सवार युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### ठेकेदार से 94 हजार की आनलाइन ठगी

**बिलासपुर।** ठेकेदर से 94 हजार रुपए की आनलाइन ठगी कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार,नंदन विहार कालोनी निवासी ठेकेदार नेमीचंद कुमावत के मोबाइल में अनजान नम्बर से फोन आया और अलग अलग काम के लिए अलग अलग बटन दबाने के लिए कहा गया। उनके द्वारा बटन दबाने पर उनके बैंक खाते से 89 हजार 999 रुपए ट्रांसफर हो गया। उसके बाद फिर से फोन कर अलग अलग बटन दबाने को कहा गया। मोबाइल का बटन दबाने पर दूसरी बार उनके बैंक खाते से 4 हजार 999 रुपए ट्रांसफर हो गया है। पुलिस उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर जांच में जुट गई है।

### एयू ने दूसरी बार बढ़ाई सेमेस्टर परीक्षा फार्म की तिथि

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति अंतर्गत सत्र 2024-25 के लिए स्नातक द्वितीय सेमेस्टर के नियमित, स्वाध्यायी परीक्षार्थियों एवं यूनिवर्सिटी के शिक्षण विभाग के सभी स्नातक, स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठयक्रमों व विधि संकाय के स्नातक, स्नातकोत्तर सम सेमेस्टर का आनलाइन परीक्षा फार्म भराए जाने की तिथि 15 मई तक बढ़ा दी है। अटल यूनिवर्सिटी द्वारा परीक्षा फार्म भरने की तिथि बढ़ाए जाने की अधिसूचना सोमवार को जारी कर दी गई है। इसके अनुसार आनलाइन परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि 15 मई निर्धारित की गई है। छात्र-छात्राओं द्वारा आनलाइन परीक्षा आवेदनों की हार्डकापी, आनलाइन शुल्क की भुगतान की रसीद एवं समस्त अनिवार्य दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संबंधित कालेज, यूनिवर्सिटी के शिक्षण विभाग में 19 मई तक जमा कराई जाएगी। अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी अंतर्गत विधि संकाय के बीए-एलएलबी, बीकाम-एलएलबी एवं एलएलबी की मई-जून माह में सेमेस्टर परीक्षा होने वाली है। इस सेमेस्टर परीक्षा के लिए आनलाइन परीक्षा फार्म भराया जा रहा है। इसके लिए अटल यूनिवर्सिटी की ओर से पहले 25 अप्रैल की तिथि निर्धारित की गई थी, जिसे बढ़ाकर 5 मई अंतिम तिथि किया गया था। लेकिन छात्रों द्वारा परीक्षा फार्म की तिथि बढ़ाए जाने की मांग की जा रही थी।

### साहित्यकार शैलेन्द्र के काव्य संग्रह का लोकार्पण समारोह आज

बिलासपुर। वरिष्ठ साहित्यकार कवि शैलेन्द्र कुमार गुप्ता के काव्य संग्रह बचपन बड़ा सुहाना बाल गीत एवं होगी पूरी साधना मनहरण धनाक्षरी का लोकार्पण 6 मई को किया जा रहा है। इसके आयोजक छंदशाला बिलासपुर छत्तीसगढ़ ने बताया कि यह कार्यक्रम शाम 4 बजे से गौरव पथ शांति नगर स्थित नीलनिधि रेस्टोरेंट मधुरम स्वीट्स में होगा। समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार बलदाऊ राम साहू, विशिष्ट अतिथि नवीन शासकीय महाविद्यालय सकरी के प्राध्यापक डा. फूलदास महंत होंगे। इसकी अध्यक्षता डा. सुनीता मिश्रा करेंगी।

### शिविर में शामिल हुए कलस्टर ग्राम के ग्रामीण

# समाधान शिविर के भैसमा क्लस्टर में 4 हजार से अधिक आवेदन हुए प्राप्त



राशन कार्ड वितरित करते जनपद अध्यक्ष।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


शासन तिहार के तृतीय चरण के अंतर्गत आज हाईस्कूल भैसमा परिसर में भव्य सुशासन समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत श्रीमती कौशाम्बी गबेल ने सुशासन तिहार की विभिन्न चरणों की जानकारी साझा करते हुए बताया कि शिविर में कुल 4322 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 2244 मांग पत्र एवं 78 शिकायतें शामिल हैं। सभी विभागों द्वारा आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही कर समाधान प्रस्तुत किया गया। शिविर के दौरान अनेक हितग्राहियों को उनकी मांग अनुसार स्वीकृति पत्र, कार्ड एवं संसाधन वितरित किए गए जिसमें राशन कार्ड 25,पेंशन स्वीकृति आदेश 51,आवास पूर्णता प्रमाणपत्र एवं चाबी 12,स्प्रेयर 05 खेल सामग्री किट 3,किसान ऋण पुस्तिका 2,जन्म प्रमाण पत्र 1 आदि हितग्राहियों को प्रदान किए गए। इसी प्रकार पोंड़ीउपरोड़ा के ग्राम पसान में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पसान, लैंगी, कुम्हारीसानी, बैरा, खोडरी, चंद्रौटी, कर्री, अड़सरा और सेन्हा के ग्रामीणों को उनके द्वारा दिए गये आवेदनों पर की गई कार्यवाही की जानकारी दी गई।

### प्रचार सामग्री का किया गया वितरण

सुशासन तिहार अन्तर्गत तृतीय चरण में समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पाली ब्लाक के मदनपुर, कोरबा ब्लाक के भैंसमा और पोंड़ी उपरोड़ा ब्लाक के पसान में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर स्थल पर जनसंपर्क विभाग द्वारा राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं पर आधारित प्रचार सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान विभाग द्वारा जिले में किये गये महत्वपूर्ण विकास कार्यों एवं उपलब्धियों को प्रदर्शनी के माध्यम से आम लोगों को बताया गया। जनसंपर्क विभाग के मनीष यादव द्वारा पाली ब्लाक के मदनपुर में प्रदर्शनी लगाकर प्रचार सामग्री-हम सबके राम, सुशासन के नवीन आयाम, आदिवासियों का उत्थान, विष्णु का सुशासन, जनादेश परब रिपोर्ट कार्ड, खुशियों का आशियाना, छत्तीसगढ़ जनमन आदि का वितरण किया गया। प्रदर्शनी में पहुंची श्रीमती हेमबाई, दुखनी ध्रुव, बैशाखा अहिर, अनार कुंवर, प्रतिमा अहिर, सुमन खैरवार, फुलचंद, राजाराम, बिरजू खैरवार, नारायण प्रसाद आदि ने प्रचार सामग्री प्राप्त करने के पश्चात कहा कि इससे शासन की योजनाओं की जानकारी मिलेगी और वे भी योजनाओं के संबंध में अन्य किसी को बता पाएंगे।



# चैतमा मंडल अध्यक्ष ने संगठन विस्तार में निभाई अग्रणी भूमिका


बूथ समिति के विस्तार के लिए सम्मानित होते मंडल अध्यक्ष।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में भाजपा चैतमा मंडल अध्यक्ष बृजेश यादव ने अनुकरणीय कार्य करते हुए जिले में सर्वप्रथम बूथ समिति का विस्तार पूर्ण कर भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी को उसकी रिपोर्ट सौंप दी। इस संगठनात्मक सक्रियता और तत्परता के लिए गोपाल मोदी ने उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया और उनके योगदान को सराहा। भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी ने बृजेश यादव के कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे समर्पित और सक्रिय कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं। बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करना हमारी प्राथमिकता है और बृजेश यादव ने इसमें आदर्श प्रस्तुत किया है। चैतमा मंडल अध्यक्ष बृजेश यादव ने बताया कि यह कार्य केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि पूरी मंडल टीम के सामूहिक परिश्रम और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने जिला नेतृत्व के मार्गदर्शन और सहयोग के लिए आभार जताया। इस अवसर पर पार्टी के अन्य पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भी श्री यादव की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी और उनके प्रयासों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम का वातावरण भावनात्मक और प्रेरणादायक रहा, जिसमें पार्टी पहले व्यक्ति बाद की भावना साफ झलक रही थी। भाजपा का यह संदेश पुनः स्पष्ट हुआ कि संगठन में मेहनत, ईमानदारी और समर्पण का सदैव सम्मान किया जाता है।

# मगरपारा से लेकर भारतीय नगर चौक तक चला निगम का अभियान

**बिलासपुर।** शहर की यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम ने सोमवार को मगरपारा से लेकर भारतीय नगर चौक तक अभियान चलाया। इस दौरान दुकानों से बाहर निकाले गए शेड और चबूतरे तोड़े गए। इसके साथ ही दुकानदारों द्वारा बना लिए बाउंड्री और सीढ़ियों पर भी बुलडोजर चलाया गया।

सड़क में रखे दुकानों के सामान को भी जब्त किया गया। साथ ही चौक में अवैध रूप से संचालित हो रहे ठेला व गुमटियों को हटाते हुए सामानों की जब्ती की गई। निगम ने दुकानदारों को सामान बाहर नहीं रखने की चेतावनी दी है। सोमवार की सुबह से निगम का अतिक्रमण दस्ता फिर से सक्रिय हो गया। अतिक्रमण टीम ने मगरपारा चौक से कार्यवाही को शुरू की गई और सड़क पर दुकान लगाने वालों को सामान जब्त करना शुरू कर दिया। इसके बाद मगरपारा चौक के पास से अतिक्रमण हटाया गया। साथ ही इस दौरान सभी दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि सड़क के दायरे से बाहर दुकान लगाए, अन्यथा अगले बार भी सामान के साथ ठेला व गुमटी जब्त करने की कार्यवाही की जाएगी। अतिक्रमण शाखा प्रभारी प्रमिल शर्मा ने जानकारी दी कि आने वाले दिनों में कार्यवाही जारी रहेगी। निगम का यह अभियान भारतीय नगर चौक तक चला। इस दौरान कुछ दुकानदारों ने स्वयं से सामान भी हटाया। इसके साथ ही नगर निगम की टीम ने शहर की अन्य सड़कों के तहत पुराना बस स्टैंड चौक, तारबाहर चौक, श्रीकांत वर्मा मार्ग के साथ ही सरकंडा मुख्य मार्ग में भी कार्रवाई की। जिन्हें पहले से समझाइश दी गई थी कि वे अपने ठेला व गुमटी सड़क के दायरे से हटा लें, लेकिन समझाइश पर जरा भी ध्यान नहीं दिया गया।




# जमीन विवाद में दो भाइयों के बीच जमकर मारपीट

**बिलासपुर।** जमीन में कब्जा को लेकर दो भाईयों के परिवार के बीच जमकर मारपीट हो गई है। सोशल मीडिया में मारपीट की वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर दोनों भाईयों को गिरफ्तार कर पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया है।

तारबाहर टीआई कृष्णचंद्र सिदार ने बताया, इंदिरा कालोनी निवासी राकेश मसीह पिता बिलसन मसीह ने रिपोर्ट लिखाई कि एक दिन पहले तूफान आने से उनके घर का छप्पर, बांस सहित गिर गया था। 5 मई की सुबह वह घर में साफ सफाई कर रहे थे। इसी दौरान उनका भाई नवीन मसीह, उसकी पत्नी सरिता आई और घर की सफाई क्यों कर रहे हो कहकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए जमकर मारपीट की है। जिससे उनके सिर व हाथ में चोट आई। दूसरे पक्ष से नवीन मसीह ने आरोप लगाया है कि 4 मई को दोपहर 3 बजे खाना खाने घर आए थे। इसी दौरान उनका बड़ा भाई राकेश मसीह, भाभी एमलीना मसीह, भतीजा अविनाश उर्फ बट्टु मसीह, उनकी बेटी अनुष्का उनके घर के दरवाजा को तोड़कर सामान बाहर फेंक रहे थे। उन्होंने मना किया तो बोल रहे थे ये हमारा जमीन है हम यहां घर बनवाएंगे बोलकर गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट किए और चापड़ निकालकर मारने की धमकी दिए। उनकी मां ने बीच बचाव किया तो उनके साथ भी मारपीट किया गया है। दोनों पक्ष की मारपीट की वीडियो सोशल मीडिया में जोरों से वायरल हो रही है। पुलिस ने राकेश मसीह की रिपोर्ट पर नवीन मसीह, सरिता मसीह के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 333,351, 2 व नवीन मसीह की रिपोर्ट पर राकेश मसीह, एललीना मसीह, अविनाश उर्फ बट्टु, अनुष्का के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। वहीं पृथक से प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत दोनों भाई राकेश व नवीन मसीह को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



# कोयले से भरा ट्रेलर डिवाइडर पर चढ़ा माजदा को मारी टक्कर, एक की मौत


कोरबा से रतनपुर की ओर आ रहा था। दर्रीपारा नेशनल हाइवे में ट्रेलर के सामने का टायर फट गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

टायर फटने से कोयले से भरा ट्रेलर अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गया और रांग साइड में जाकर माजदा वाहन को टक्कर मारकर पलट गया। हादसे में माजदा ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई और चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बीच सड़क पर कोयले से भरा ट्रेलर पलटने से 4 घंटे के लिए आवागमन बाधित रहा।

- रतनपुर दर्रीपारा नेशनल हाइवे में हुआ हादसा

रतनपुर टीआई नरेश चौहान ने बताया, 5 मई को ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 बीएच, 9420 का ड्राइवर कोयला लेकर कोरबा से रतनपुर की ओर आ रहा था। सुबह 6.30 बजे दर्रीपारा नेशनल हाइवे में ट्रेलर के सामने का टायर फट गया। गाड़ी की रफ्तार तेज होने से ट्रेलर के ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया और गाड़ी डिवाइडर के ऊपर चढ़ कर रांग साइड में जाकर बिलासपुर की ओर आ रहे माजदा क्रमांक आरजे 19 डीई, 7245 को जोरदार टक्कर मारकर पलट गया और कोयला पूरे सड़क में फैल गया। इस हादसे में माजदा ड्राइवर राजस्थान जोतपुर निवासी श्यामलाल राव पिता युंबा राव 48 साल की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दोनों गाड़ी में सवार ट्रेलर के ड्राइवर सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

### एक पखवाड़े में सड़क हादसे में 7 लोगों की मौत

- 30 अप्रैल सिरगिट्टी ब्रिज तखतपुर ढनढन निवासी कृपाराम विश्वकर्मा
- 25 अप्रैल भारतीयनगर चौक सरकण्डा बघवा मंदिर निवासी अविनाश दुबे
- 24 अप्रैल रतनपुर गहलोद ढाबा के पास मेलनाडीह निवासी अनिश ध्रुव
- 22 अप्रैल एसबीआर कालेज फ्लाई ओवरब्रिज में चिंगराजपारा निवासी जुगरू केंवट
- 17 अप्रैल बेलगहना बरभाठा निवासी तिल बाई
- 14 अप्रैल मैग्नेटा मॉल के पास तालापारा सांई मंदिर निवासी अंजू टण्डन




### चार घण्टे आवागमन बाधित

ट्रेलर पलटने से कोयला पूरी सड़क पर फैल गया। जिसके कारण एक साइड आवागमन बाधित हो गया और वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस ने हाइड्रा की मदद से दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर को किनारे किया और सड़क पर फैले कोयले को उठाया। इस दौरान 4 घण्टे बाद आवागमन सामान्य हो पाया है।

### ड्यूटी जा रहे टीआई ने घायलों को भेजा

हादसे के दौरान रतनपुर टीआई श्री चौहान ड्यूटी पर कोरबा जा रहे थे। उन्होंने गाड़ी रोककर ट्रेलर में फंसे ड्राइवर सहित चार लोगों को बाहर निकाला। दुर्घटना में ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया था और एक व्यक्ति का पैर टूट गया था। उन्होंने तत्काल डायल 112 को बुलाकर घायलों को रतनपुर अस्पताल भेजा। उसके बाद कोरबा के लिए रवाना हुए।

### अफसर भी कन्फ्यूज, सबकी होगी ट्रेनिंग, फिर लागू होगा सिस्टम

# अभी बिलासपुर में नहीं होगी जमीनों की आटोमेटेड मोड में रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आटोमेटेड मोड के अंतर्गत रजिस्ट्री के तत्काल बाद जमीन का नामांतरण नए मालिक के नाम पर हो जाने का मामला फिलहाल अधर में है। सोमवार से नई प्रक्रिया के अंतर्गत जिले में रजिस्ट्री प्रारंभ हो जाने की उम्मीद थी, लेकिन इस संबंध में शासन से अब तक कोई स्पष्ट आदेश नहीं मिल पाने के कारण पंजीयन विभाग खुद कंफ्यूज़ है।

जमीन की रजिस्ट्री वाले दिन ही नए मालिकों के नाम पर जमीन के नामांतरण का मामला फिलहाल अटक गया। प्रदेश में तीन मई को इसकी विधिवत शुरूआत होने के बाद सोमवार से बिलासपुर जिले में भी इसके प्रभावशील होने की संभावना जाहिर की गई थी, लेकिन इस संबंध में शासन से किसी भी तरह का कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश प्राप्त नहीं हो पाने के कारण यह नहीं हो सका। कुछ जिलों में रजिस्ट्री के दौरान भू-स्वामी का अधिकार अभिलेख प्राप्त कर रजिस्ट्री होने की भी सूचना मिली है। इधर बिलासपुर जिले में भी पटवारियों द्वारा भुइंयां पोर्टल को भी यदि अपडेट रखा गया होता तो भी काफी कुछ मदद मिल जाती। इधर जिले में सोमवार को पंजीयन विभाग में जमीन की रजिस्ट्री के लिए पहुंचे लोगों का उत्साह कुछ खास नजर आया। वे जमीन की रजिस्ट्री के बाद आज ही अपने नाम का खसरा, बी-वन नकल की प्राप्त हो जाने की उम्मीद में थे। इस संबंध में वे लगातार पंजीयन विभाग के अधिकारियों से सवाल-जवाब करते दिखाई दिए।




### नामांतरण के लिए राजस्व विभाग की कोई जरूरत नहीं होगी

आटोमेटेड मोड में रजिस्ट्री के बाद नामांतरण के लिए राजस्व विभाग की कोई जरूरत नहीं पड़ेगी। इस संबंध में डीआईजी पंजीयन उषा साहू ने बताया कि किसी भी जमीन की रजिस्ट्री होने के बाद पंजीयन विभाग अपने ही कार्यालय में नामांतरण की प्रक्रिया के लिए एक स्टेप आगे बढ़ाएगा और सिर्फ एक क्लिक में ही नए भू-स्वामी के नाम से खसरा व बी-वन जनरेट हो जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में राजस्व विभाग के किसी भी अमले की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने बताया कि रजिस्ट्री का आटोमेटेड मोड पायलट प्रोजेक्ट के रूप में फिलहाल नया रायपुर, आरंग व बलौदाबाजार में काम कर रहा है।

### पुरानी पद्धति से हो रही रजिस्ट्री

आटोमेटेड मोड से रजिस्ट्री के लिए शासन से किसी भी तरह के कोई दिशा-निर्देश प्राप्त नहीं हैं, जिससे नई प्रक्रिया किस तरह की होगी इसके बारे में कुछ नहीं बताया जा सकता। फिलहाल पुरानी पद्धति से ही जिले में रजिस्ट्रियां हो रहीं हैं।

-आरके स्वर्णकार
जिला पंजीयक, पंजीयन विभाग

### कमीशन में बिहार पैसा भेजने का दिया झांसा

# कागज का बंडल थमाकर 50 हजार लेकर भागे दो युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



बैंक में पैसा जमा करने गए एक युवक को कमीशन में बिहार पैसा भेजने के झांसा देकर दो युवक कागज की बंडल थमा कर 50 हजार रुपए लेकर भाग गए। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

- मंगला चौक बैंक ऑफ बड़ौदा में हुई वारदात

सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने बताया, लोखंडी निवासी अभिषेक पटेल पिता रामचन्द्र पटेल 27 साल 5 मई को दोपहर 1 बजे मंगला चौक स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा 50 हजार रुपए लेकर जमा करने गए थे। इसी दौरान उनके पास खड़े दो युवक आपस में बिहार पैसा भेजने की बात कर रहे थे। दोनों युवक उसे उसके बैंक खाते से बाई पोस्ट 2 लाख रुपए बिहार भेजने की बात कहते हुए 20 हजार रुपए कमीशन देने की बात कहीं। कमीशन के लालच में आकर अभिषेक अपने बैंक खाते से बिहार पैसा भेजने के लिए तैयार हो गया। दोनों युवकों ने उसे बातों में उलझाकर थैले में 2 लाख रुपए थमाते हुए 50 हजार रुपए मांगे। उनकी बातों में आकर अभिषेक जमा करने आए 50 हजार रुपए दे दिया। उसके बाद दोनों युवक कुछ देर में आ रहे कहते हुए पैसा लेकर चले गए।

## खबर संक्षेप

### पीईटी तथा पीपीएचटी की परीक्षा 8 को

**कोरबा।** छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित पीईटी तथा पीपीएचटी प्रवेश परीक्षा 8 मई को दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली में पीईटी की परीक्षा प्रातः 9 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक एवं द्वितीय पाली में पीपीएचटी की परीक्षा दोपहर 2 बजे से 5.15 बजे तक आयोजित होगी। इसके लिये जिले में तीन परीक्षा केंद्र पीजी कॉलेज, सरस्वती हायर सेकेण्डरी स्कूल सीएसईबी कोरबा (पूर्व) एवं आईटी कालेज झगरहा को बनाया गया है। पीईटी प्रवेश परीक्षा में 813 और पीपीएचटी प्रवेश परीक्षा में 1042 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र में दिये गए निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। आवश्यक जानकारी प्राप्त करने के लिए पीजी कॉलेज को मार्गदर्शन केन्द्र बनाया गया है। कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 6 वरिष्ठ लिपिक/परीक्षा शाखा में अस्थायी कंट्रोल रूम स्थापित कर कर्मचारियों की ड्यूटी प्रातः 9 बजे से परीक्षा समाप्ति तक लगाई गई है। उक्त परीक्षा के निरीक्षण हेतु उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है और ब्रिफिंग हेतु सात मई को दोपहर 12 बजे शासकीय पीजी कालेज में बैठक आहूत की गई है।

### केंद्रीय विद्यालय एनटीपीसी में 10वीं 12वीं में प्रवेश के लिए मंगाए आवेदन

**कोरबा।** केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 एनटीपीसी कोरबा में सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 10वी व 12वी में सीधे प्रवेश प्राप्त करने सूचना जारी की गई है। प्रवेश की सुविधा केवल एनटीपीसी कर्मियों, केंद्र सरकार के विभागों, केंद्र सरकार के स्वायत्त निकायों जैसे सीआईएसएफ, बैंक, डाक विभाग, आयकर, एलआईसी, रेलवे में कार्यरत कर्मियों की संतानों के लिए उपलब्ध है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं (वाणिज्य संकाय) में सीट रिक्त हैं। इच्छुक अभिभावक जो एनटीपीसी, केन्द्रीय शासन तथा केन्द्र शासन के स्वायत्त निकाय के नियमित अधिकारी, कर्मचारी 2 से 12 मई तक विद्यालय से पंजीयन प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं। उन्हें अपने आवेदन मांगे गए अनिवार्य दस्तावेजों के साथ 12 मई को शाम 4 बजे तक विद्यालय में जमा करने कहा गया है। निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

### कोलयांचल क्षेत्र बना अवैध रेत का भंडार



**गेवरा।** नगर निगम के वार्ड क्रमांक 64 कपाटमुड़ा क्षेत्र में अवैध रेत जमा कर रेत का गोदाम बना लिया गया है। जानकारी के अनुसार रेत का गोदाम बरमपुर निवासी किसी व्यक्ति का है। अवैध रूप से संचालित रेत के इस गोदाम में आए दिन जेसीबी मसीन के जरिए से ट्रैक्टर, एचर में कई गाड़यिा लोड कर क्षेत्रों में रेत को भेजा जा रहा है और शासन को आर्थिक नुकसान हो रही है। बड़े पैमाने से चोरी का खुलेआम कारोबार चल रहा है और शासन प्रशासन को रियल्टी के रूप में मिलने वाली राजस्व को सीधा नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

### टीपी नगर बस स्टैंड के पास खुला गड्ढा बना दुर्घटनाओं का कारण

**कोरबा।** नगर निगम की लापरवाही और सुस्त कार्यप्रणाली एक बार फिर जनता के सामने उजागर हुई है। टीपी नगर के नए बस स्टैंड के समीप मुख्य मार्ग पर स्थित एक खुला नाली गड्ढा क्षेत्रवासियों और राहगीरों के लिए बड़ी मुसीबत बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस गड्ढे को अब तक न तो ढका गया है और न ही इसके चारों ओर किसी प्रकार की बैरिकेडिंग या चेतावनी बोर्ड लगाया गया है। इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों बसें और वाहन गुजरते हैं, लेकिन प्रशासन आंख मूंदे बैठा है। बारिश के बाद बढ़ा खतरा, ऑटो गिरा गड्ढे में अचानक हुई बारिश के कारण नाली में पानी भर गया, जिससे गड्ढा पूरी तरह ढंक गया और नजर नहीं आया। इसी दौरान एक ऑटोचालक का वाहन उसमें गिर गया। गनीमत रही कि कोई जानहानि नहीं हुई, लेकिन ऑटो क्षतिग्रस्त हो गया और चालक को हल्की चोटें आईं। निगम प्रशासन बेखबर, नागरिकों ने जताया आक्रोश स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों का कहना है कि इस गड्ढे के चलते आए दिन छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं होती रहती हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद नगर निगम ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।

## निधन

### श्रीमती चम्पा देवी विश्वकर्मा

**कोरबा।** नगर पालिक निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 1 रामसागरपारा कोरबा निवासी स्वर्गीय



रामकुमार विश्वकर्मा की धर्म पत्नी एवं विश्वकर्मा कन्नौजिया लोहार समाज कोरबा के जिलाध्यक्ष रविकांत विश्वकर्मा तथा (आर के मोटर्स) एवं शशिकांत विश्वकर्मा (आर के बॉडी बिल्डर्स) के संचालक एवं विजयकांत, जयकांत की मां श्रीमती चम्पा देवी विश्वकर्मा का रविवार की देर रात्रि आकस्मिक निधन हो गया। श्रीमती चम्पा देवी विश्वकर्मा का अंतिम संस्कार 6 मई को प्रातः राताखार मुक्तिधाम में किया जाएगा। श्रीमती चम्पा देवी अपने पीछे पुत्र-पुत्रवधुओं सहित नाती-पोतों से भरापूरा परिवार छोड़ गई है।

## पहलगाम में जान गंवाने वाले लोगों को दी गई श्रद्धांजलि

# एकता रैली के माध्यम से आतंकवाद के विरुद्ध कटघोरा की दिखी एकजुटता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में मारे गए देश के नागरिकों को श्रद्धांजलि देने एवं देश के प्रति निष्ठा और प्रेम की अभिव्यक्ति हेतु सोमवार को कटघोरा नगर में एकता रैली (मौन रैली) का आयोजन किया गया। रैली आर्ट ऑफ लिविंग कटघोरा के तत्वाधान में आयोजित की गई, जिसमें नगर के सभी समाजिक संगठनों के साथ साथ सभी समाज के नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

रैली की शुरुआत शाम 5:30 बजे मां महागौरी मंदिर से प्रारम्भ हुई जो कि मुख्य मार्ग होते हुए शहिद वीरनारायण चौक तक पहुंची, जहां उपस्थित नागरिकों के द्वारा शहिद




श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल कटघोरानगरवासी।

हुए 28 देश के सपूतों की याद में 28 दीप प्रज्ज्वलित कर आतंकवाद के खिलाफ शांति पूर्वक विरोध जताया और शहीदों की स्मृति में 2 मिनट का मौन रखते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया गया। रैली में किसी भी प्रकार के नारे या शोर नहीं किए गए यह पूरी तरह मौन रैली रहा जिससे इसका संदेश और भी प्रभावशाली बना। इस अवसर पर आर्ट आफ लिविंग परिवार बैंगलोर से पहुंचे स्वामी शरणानंद ने बताया कि निश्चित ही आंतकियों ने जिस प्रकार से नागरिकों से उनके धर्म पूछ पूछकर निर्मम हत्या की है इसके लिए उन्हें सजा मिलनी चाहिए। देश की वर्तमान परिस्थितियों पर चर्चा करते हुए सभी नागरिकों से राष्ट्रीय एकता, सद्भाव और जागरूकता बनाए रखने की अपील की कटघोरा की इस ऐतिहासिक रैली ने यह सिद्ध किया कि जब बात देश के सम्मान, सुरक्षा और अखंडता की हो, तो नगरवासी एकजुट होकर हर चुनौती का सामना करने को तत्पर रहते हैं। इस मौके पर सुनील सिंघानिया,चन्द्रप्रकाश सिंघानिया, गोपाल मित्तल, पार्षद संजय अग्रवाल, पवन अग्रवाल, अजय गर्ग, सुनीता आशीष जायसवाल, विनय सिंह गहलोत, अजय धनोंदिया, नवीन गोयल, मुकेश गोयल, पवन गोयल, मुरली साहू, पण्डित चन्द्रहास त्रिपाठी, बाबा महराज, किशन शर्मा, रवि अग्रवाल, मनोज बंसल, अंकित सिंघानिया, केशव अग्रवाल, तुलसी राजपूत, रॉकी जगवानी, इखलाक शेख, सुधीर पांडेय, राज, पवन अग्रवाल, भारत भूषण, महेंद्र पचेरिवाल, अतुल मित्तल सहित सभी समाज के नगरवासी उपस्थित रहे।

## आठ दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का शुभारंभ



योग शिविर का शुभारंभ करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आठ दिवसीय निःशुल्क योग ध्यान शिविर का शुभारंभ रविवार की 5.30 बजे स्थानीय सीनियर क्लब सीएसईबी कोरबा पूर्व में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप वीएस सेन चौधरी, अति मुख्य अभियंता सीएसपीडीसीएल कोरबा एवं विशिष्ट अतिथि नवीन मानिक, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, सीएसपीडीसीएल कोरबा तथा शिविर के संचालक योगाचार्य डॉ.डीके आनंद के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मंत्र उच्चारण कर इस आठ दिवस शिविर का शुभारंभ किया गया। योग ध्यान शिविर का आयोजन सीनियर क्लब, सीएसईबी कॉलोनी कोरबा पूर्व 4 मई से से 11 मई तक सुबह 5.30 बजे से 7.30 बजे तक संचालित होगा। इस शिविर में डॉ.डीके आनंद के द्वारा विभिन्न योग के आयाम को सिखाया गया, जिसमें योग ध्यान, प्राणायाम, आसन, एक्यूप्रेशर के पॉइंट एवं जड़ी-बूटियों से कैसे उपचार कैसे किया जाये उसके बारे में विस्तृत से प्रशिक्षिण दिया गया। लगभग 5 हजार वर्ष पूर्व महर्षि पतंजलि के द्वारा अष्टांग योग हम सब को दिए और उस सनातन काल से योग की प्रचार प्रसार होते हुए आ रहा हैं, योग एक विज्ञान है इस योगिक क्रिया को करने से शरीर स्वस्थ रहता है मन स्वस्थ रहता है आज से वर्षो पूर्व हमारे ऋषि-मुनियों ने पूरे देश ही नहीं पूरे विश्व में योग का प्रचार प्रसार कर सभी को योग के प्रति जागरूक किया और आज हर घर में महिलाएं, बच्चे, बूढ़े, नौजवान सभी योग कर रहे हैं।

## जिला स्तरीय शतरंज चैम्पियनशिप में खिलाड़ियों ने दिखाया हुनर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला शतरंज संघ और आर्ज़वम फाउन्डेशन द्वारा 1 मई साईं मंगलम बालको में जिला स्तरीय मिनी, मिनी जूनियर वर्ग शतरंज चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया था। पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि सुश्री प्रज्ञा पाण्डेय विभागाध्यक्ष मानव संसाधन विभाग बालको ने कहा शतरंज एक ऐसा खेल है जो बच्चों में निर्णय लेने की क्षमता, एकाग्रता, धैर्य और रणनीतिक सोच को विकसित करता है। विशिष्ट अतिथि नूतन सिंह ठाकुर सभापति नगर निगम, नौशाद खान, अध्यक्ष जिला ओलिंपिक संघ, एलएन श्रीवास उपाध्याय जिला शतरंज संघ उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान




कार्यक्रम को संबोधित करती बालको एचआर हेड एवं उपस्थित नगर निगम के सभापति व अन्य।

कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा अतिथियों ने खिलाड़ियों के हुनर और समर्पण की सराहना किए। प्रत्येक आयु वर्ग में बालक एवं बालिका वर्ग के प्रथम स्थान एवं द्वितीय स्थान को ट्रॉफी तथा तृतीय स्थान को मोमेंटो प्रदान किया गया।तथा प्रत्येक खिलाड़ियों को मेडल प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों में खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन जिनमें स्वस्तिक शर्मा, सनय लोधी, अक्षय सोनी, शिवांश साव, वत्सल देशमुख, राजवीर सिंह, हर्षिका कश्यप, सिद्दी सर्राफ, शिवांश ठाकुर, संचय शर्मा, साकार नायडू, शिवांगी सोनी, तनुजा नेताम, स्नेहा, पार्थ सिदार, अथर्व देशमुख, लोकादित्य, ऋषिका कश्यप, वैष्णवी नेताम, मेहर गबरा, प्रभमन सिंह, शुभम साहू, दीपक सिंह, याशिता नायडू, पद्माप्रिया साहू एवं भाविका साहू ने बेहतर प्रदर्शन किया।

## सर्पदंश पर अस्पताल जाने की बजाय गांव में खोज रहे थे बैगा, हो गई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक युवक अपने परिवार सहित ईटा बनाने के लिए पास के गांव में गया हुआ था। इस दौरान वह जमीन पर सोया हुआ था कि देर रात को किसी जहरीले सर्प ने उसे डस लिया। परिजन उसे अस्पताल पहुंचाने की बजाय सीधे उसे अपने गांव ले आए और बैगा की तलाश कर रहे थे। जब गांव में बैगा नहीं मिला तो उसे अलसुबह मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

मामला जिले के उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गिधौरी निवासी सोहन कुमार बिंजवार 25 वर्ष पिता बिहारी लाल बिंजवार अपने परिवार के साथ ईटा बनाने पास के गांव मोहराभांठा गया हुआ था। जहां रविवार की रात लगभग 3 बजे सोहन कुमार जमीन पर सोया हुआ था कि इसी दौरान किसी जहरीले सर्प ने सोहन को डस लिया। सोहन के परिजन उसे सीधे अस्पताल ले जाने की बजाय अपने गृहग्राम गिधौरी ले पहुंचे और वहां बैगा की तलाश करने लगे। जब गांव में बैगा नहीं मिला तो आनन फानन में सोहन को इलाज के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में पहुंचाया गया जहां इलाज के दौरान सोहन की मौत हो गई।

### गौवंश की तस्करी, मामला दर्ज

**कोरबा।** सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत पंपहाउस निवासी हर्ष तिवारी उम्र 21 वर्ष पिता अशोक कुमार तिवारी ने रिपोर्ट लिखाई है कि 2 मई को रात्रि लगभग 10 बजे सीतामणी रेतघाट के पास अंधेरे में कुछ लोग झाडियों में जबरजस्ती गौवंस को खींचकर चार पहिया वाहन में लोड करते देखने पर गांव सेवक सदस्य लोकेश तिवारी के द्वारा सूचना देने पर हर्ष तिवारी एवं अन्य लोग मौके पर जाकर देखे कि वाहन क्र सीजी 12 बीएल 4143 छोटा हाथी में दो नग गौवंस को लदा हुआ है तथा 3-4 व्यक्ति थे जो अंधेरे में भाग गये। मौके पर वाहन का चालक पंपहाउस निवासी सुखदास महंत मिला जिससे पूछताछ करने पर जानवर को चोरी कर वाहन में मोना एवं बग्गा के द्वारा सुखदास के गाडी को बुलवाकर उमरेली गांव ले जाने के लिये लोड करवाये थे। पुलिस ने वाहन चालक सुखदास महंत तथा उसके साथी मोना एवं बग्गा के विरुद्ध जुर्म दर्ज कर लिया है।

## फाउंडेशन ने नवविवाहित जोड़ों को भेंट की श्रीरामचरितमानस



कार्यक्रम में शामिल कल्याण फाउंडेशन के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हमसफर कल्याण फाउंडेशन द्वारा प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी स्टेडियम टीपी नगर में आयोजित निःशुल्क सामूहिक विवाह समारोह में छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन ने सामाजिक सौहार्द और धार्मिक मूल्यों की अद्भुत मिसाल प्रस्तुत की। इस आयोजन में 121 जोड़ों ने वैवाहिक जीवन की नई शुरुआत की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर के व्यवसायी, सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता तथा छग प्रांतीय अग्रवाल संगठन के चेयरमेन अशोक मोदी रहे। उन्होंने सभी नवविवाहित जोड़ों को श्रीरामचरितमानस की प्रतियां भेंट कीं और उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान श्रीराम और माता सीता के आदर्शों से प्रेरणा लेकर जीवन को धर्म, संस्कार और मर्यादा के मार्ग पर आगे बढ़ाएं। इस आयोजन में छ.ग. प्रांतीय अग्रवाल संगठन, श्री सप्तदेव मंदिर महिला मंडल समिति एवं अखिल भारतीय अग्रवाल महिला मंडल ने प्रमुख सहयोगी की भूमिका निभाई और कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर अग्रवाल संगठन की वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेमा अग्रवाल एवं उमा बंसल, उपाध्यक्ष किरण मोदी, मंत्री प्रीति मोदी, श्री सप्तदेव महिला मंडल की अध्यक्षा सरला मित्तल, सुनीता देवड़ा, विमला अग्रवाल, अंकिता मोदी, निकिता मोदी, श्रेया मोदी की गरिमामयी उपस्थिति रही। इन सभी ने न केवल नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया, बल्कि कार्यक्रम की हर व्यवस्था में सक्रिय योगदान भी दिया। हमसफर कल्याण फाउंडेशन के सदस्य सुरेश निर्मलकर ने आयोजन में सहयोग देने वाले शंकर साव, अरुण कौशिक, कविता सोनी, सरिता देवी एवं अन्य सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया। यह आयोजन सामाजिक एकता, धार्मिक आस्था और पारिवारिक मूल्यों का अनूठा संगम बनकर सामने आया, जिसने समाज में विवाह जैसी पवित्र संस्था की गरिमा को और भी ऊंचा किया।

## जमीन अफरा- तफरी के मामले में धोखाधड़ी का अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक जमीन की अफरा तफरी के मामले में न्यायालय के आदेश पर बालको पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ धारा 120 बी, 34, 420, 467, 468, 471 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत सिविक सेंटर निवासी नवीन गोयल पिता सत्यनारायण गोयल उम्र 45 वर्ष ने न्यायालय में परिवाद दायर किया था जिस पर न्यायालय ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला अपराध दर्ज करने के लिए पुलिस को निर्देशित किया है जिस पर नवीन गोयल की रिपोर्ट पर पुलिस ने इंदिरा मार्केट बालको निवासी पवन अग्रवाल, पश्चिमी दिल्ली निवासी दिनेश सिंह, संजय सोनी, नेहरू नगर निवासी संदीप शर्मा के खिलाफ पुलिस ने धारा 120 बी, 34, 420, 467, 468, 471 के तहत पुलिस ने मामले में अपराध पंजीबद्ध कर लिया है और पुलिस मामले की विवेचना में जुटी हुई है।

### जिला कांग्रेस की बैठक कल

**कोरबा।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष नत्थूलाल यादव एवं मनोज चौहान ने बताया कि 8 मई को बिलासपुर में होने वाली प्रदेश स्तरीय सविंधान बचाओ आम सभा की तैयारी को लेकर जिला कांग्रेस कार्यालय में 7 मई को बैठक आयोजित की गई है। अध्यक्ष द्वय यादव एवं चौहान ने जिला कांग्रेस, ब्लाक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल, इंटक, पार्षद, जनप्रतिनिधि, वार्ड, जोन एवं बूथ कमेटी सहित समस्त कांग्रेस पदाधिकारी एवं सदस्यों को समय पर उपस्थित होने अपील की गई है।

## आत्मरक्षा एवं फिटनेस के लिए किकबॉक्सिंग खेल जरूरीः संजूदेवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ किकबॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा सीएमए किकबॉक्सिंग एकेडमी में अभ्यासरत किकबॉक्सिंग

**खास बात**

- महापौर ने किया सफल किकबाक्सिर्स को पुरस्कृत

खिलाड़ियों की दक्षता परीक्षा का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के संस्थापक एवं कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा ने बताया कि समय समय पर खिलाड़ियों की दक्षता परीक्षण के लिए ग्रेडिंग सिस्टम के आधार पर उनकी प्रायोगिक एवं मौखिक परीक्षा लेकर उन्हें योग्यतानुसार बेल्ट प्रदाय कर ग्रेड



बच्चों को पुरस्कृत करते महापौर।

दिया जाता है। एकेडमी में ग्रेडिंग कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें अलग-अलग आयु वर्ग के बालक-बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया।

सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिले की प्रथम नागरिक महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने परीक्षा में सफल सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं कलर बेल्ट से सम्मानित किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी आवश्यक है। स्वस्थ तन और मन से राष्ट निर्माण होगा, इसके लिए आवश्यक है खेलो में भी रुचि ले। किकबॉक्सिंग खेल से आत्मविश्वास तो बढ़ता ही है, साथ ही विकट परिस्थिति में आत्मरक्षा के लिए भी किकबॉक्सिंग खेल का प्रशिक्षण बहुत कारगर है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि समाजसेवी श्रीमती रूक्मणी नायर, कविता सोनी, दीपक सिंह ने भी किकबाक्सर्स का उत्साहवर्धन किया। उपस्थित फिजिक्स वाला इंस्टीट्यूट के अतुल सिंह, गजेन्द्र चंद्रा, शुभेंद्र, आशीष यादव ने वरिष्ठ खिलाड़ीयो को सम्मानित किया।

इस अवसर पर सी एम ए किकबॉक्सिंग एकेडमी की संचालिका प्रीति मिश्रा, वरिष्ठ खिलाड़ी एवं प्रशिक्षकगण जुनैद आलम, प्रभात साहू, अशोक साहू, अंकुश लाल यादव, लोकिता चौहान, शुभम यादव, रमेश साहू, जगदीश यादव, मयंक डडसेना सहित खिलाड़ी, प्रशिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित रहे। दक्षता परीक्षण में सभी सफल प्रतिभागियों को एसोसिएशन के महासचिव आकाश गुरुदिवान ने बधाई दी। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन वरिष्ठ उद्घोषक रविन्द्र साहू ने किया।

कोरबा मार्केट

TEXMO
अग्रवाल एजेंसी
कोरबा रोड कटघोरा
99263 62800
98930 06380

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिफलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार
20 वर्षो से स्थाई के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतो की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

## खबर संक्षेप

### कलचुरी महोत्सव की रूपरेखा की तैयारी हेतु बैठक

**कोरबा।** रतनपुर महामाया मंदिर में प्रदेश स्तरीय कलचुरी महोत्सव की तैयारी हेतु बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बिलासपुर संभाग से बिलासपुर, रतनपुर कोरबा जिला से कटघोरा, सीस, बक्साही के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित हुए। जिसमें 8 एवं 9 नवंबर को कलचुरी महोत्सव प्रदेश स्तरीय महोत्सव कार्यक्रम संपन्न होने वाला है। बैठक में प्रमुख रूप से मनोज राय, डॉ सुनील जायसवाल, रमेश जायसवाल, बैकुंठनाथ जायसवाल, ओपी डिक्सेना, टकेश्वर जायसवाल, देवेंद्र डिक्सेना, शिवशंकर जायसवाल, ब्रिज मोहन डिक्सेना, राजकुमार जायसवाल, चंद्र कुमार, देव लाल, सूर्य प्रकाश, नितिन कुमार, डिक्सेना, विनोद जायसवाल, दीपक जायसवाल, रमेश डिक्सेना, शरद कौशिक, राजेंद्र जायसवाल, सेस जायसवाल, प्रवीण जायसवाल, सनत जायसवाल, रामलखन, राजेश जयसवाल, वैभव जायसवाल, महेंद्र जयसवाल, सौरभ जायसवाल एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### खरीफ सीजन के लिए किसानों को बांटा जाएगा सौ करोड़ का ऋण

**कोरबा।** औद्योगिक जिले कोरबा में खेती का पर्याप्त रकबा मौजूद है। अनाज उत्पादक वर्ग की कुल संख्या 1 लाख के आसपास है जो धान के अलावा दूसरी फसले उत्पादित करने में विश्वास रखती है। परंपरागत के साथ उन्नत खेती की तरफ कृषक समुदाय लगातार बढ़ रहा है। सरकार की नीति के अंतर्गत जिला सहकारी केंद्रीय बैंक इस वर्ष किसानों को 100 करोड रुपए का ऋण वितरित करने की तैयारी में है। जबकि पिछले वर्ष यानी 2024 25 में दिए गए कुल ऋण की 95 फीसदी वसूली की जा चुकी है। खेती-बाड़ी से जुड़े कृषक वर्ग को आगे बढ़ाने और उनकी जरूरत को पूरा करने के लिए अलग-अलग प्लेटफार्म पर सुविधा उपलब्ध कराई जा रहे हैं। किसानों को इस बारे में लगातार जागरूक किया जा रहा है। अत्यंत कम दर पर उन्हें वित्तीय सहायता देने के प्रावधान सहकारी बैंक ने बनाए हैं। इसी सिलसिले में खरीफ सीजन वर्ष 2025 के लिए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित कोरबा ने विभिन्न समितियां में पंजीकृत किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड से 100 करोड रुपए का ऋण देना निश्चित किया है। इसके लिए शुरुआती तौर पर समितियों के स्तर पर केसीसी फॉर्म भराए जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार इस सहायता में किसान 40 फीसदी वस्तु जिसमें खाद बीज और उपकरण शामिल है ले सकते हैं जबकि उन्हें 60 फीसदी नगद राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत गेरवाघाट पुल के पास देर रात हुआ हादसा

# ट्रक ने खड़े ट्रेलर को मारी टक्कर लगी आग, जिंदा जला ट्रक चालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए सड़क में ब्रेकडाउन हालत में खड़े ट्रेलर को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि चंद मिनटों में दोनों वाहनों में आग लग गई। इस हादसे में एक ट्रेलर का ड्राइवर केबिन में फंसकर जिंदा जल गया जबकि दूसरे ट्रक का चालक घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग को काबू किया गया लेकिन तब तक दोनों वाहन पूरी तरह से जल चुके थे।।

जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाना क्षेत्र के काशीनगर कबीरनगर गली निवासी परमेश्वर मांझी 43 वर्ष पिता देवकरण मांझी टीपी नगर से ट्रक क्रमांक सीजी 12 बीआर 4971 को लेकर कोयला लोड करने के लिए रविवार-सोमवार की दरमियानी रात ट्रक रानीअटारी खदान जा रहा था। रात लगभग 3 बजे वह गेरवाघाट पुल के आगे पहुंचा था कि तेज रफ्तार ट्रक सड़क किनारे ब्रेकडाउन हालत में खड़े ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 एवाय 0315 से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों में आग लग गई और दोनों ट्रकों में टक्कर होने की आवाज सुनकर स्थानीय लोग अपने घरों से बाहर आए तो देखा कि दोनों वाहन आग की लपटों में घिरे हुए थे। आग इतनी भयंकर थी कि स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू नहीं पाया जा सकता था और स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस व दमकल टीम को दी। दमकल वाहन की टीम मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया लेकिन तब तक ट्रक व ट्रेलर जल चुके थे। इस घटना में टक्कर मारने वाले ट्रक चालक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई वहीं ट्रक के जल जाने मालिकों को लाखों की क्षति हुई है। हादसा होने के बाद मार्ग में जाम की स्थिति निर्मित हो गई थी जिसके उपरांत सुबह लगभग 8 बजे दर्री पुलिस की टीम क्रेन लेकर मौके पर पहुंची और दोनों जले हुए ट्रक व ट्रेलर को सड़क किनारे कराया गया इस दौरान लगभग 1 घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही।



### कार व बाइक के बीच भिड़ंत दो घायल

बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुरसिया तान नदी पुल के पास सोमवार को एक तेज रफ्तार कार और बाइक के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई। कटघोरा से जटगा जा रहे बाइक को सामने से आ रही कार ने सीधे टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर 112 पुलिस सेवा तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पोड़ी-उपरोड़ा पहुंचाया गया। फिलहाल दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया जाता है कि घायल जटगा चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नवापारा निवासी सुभाष सिह गोड़ व देवनारायण है जो किसी काम से कटघोरा आए थे जहां से वापस लौटते समय यह हादसा तान नदी पुल पर हुआ है।

### जिले में इस तरह की लगातार हो रही हैं घटनाएं

जिले में सड़क हादसे के बाद वाहनों में आग लगने की घटना में पिछले कुछ वर्षों में लगातार इजाफा हुआ है। इस वर्ष गर्मी के सीजन में ही कार, ट्रक सहित अन्य वाहनों में हादसे के बाद आग लगने की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। पिछले माह अप्रैल के महीने में ही पसान थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कार पेड़ से टकरा गई थी जिसमें शॉर्ट सर्किट की वजह से कार में आग लग गई थी और कार में सवार कार चालक की जलने से मौके पर ही मौत हो गई थी। कुछ माह पहले ही कटघोरा-अंबिकापुर मुख्यमार्ग में इसी तरह की घटना सामने आई थी जिसमें दो युवकों की जलने से मौत हो गई थी। अब नया मामला फिर से शहर में राताखार गेरवाघाट पुल के सामने आया है। जहां ट्रेलर व ट्रक वाहन के बीच आमने-सामने टक्कर हो जाने से एक चालक की मौके पर ही जल जाने से चालक की दर्दनाक मौत हो गई है।

### एंबुलेंस में लगी आग

मानिकपुर चौकी से चंद कदम दूर एसईसीएल के जीएम ऑफिस के सामने खड़ी एक निजी एम्बुलेंस में सोमवार को आग लग गई थी। आगजनी की सूचना पर एसईसीएल और नगर निगम की दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग को बुझाने की कवायद शुरु की गई लेकिन तब तक एंबुलेंस पूरी तरह जल कर खाक हो चुकी थी। आग कैसे और किन परिस्थितियो में लगी है स्पष्ट नहीं हो पाया है। पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश की वजह से मौसम खुशनुमा हो चुका है ऐसे में खड़ी एंबुलेंस में आगजनी की घटना होना सवालों के घेरे में है। बताया जाता है कि यह एंबुलेंस एसईसीएल विभाग में ठेके पर काम करती थी। इसका उपयोग मानिकपुर खदान के कर्मियों को आपातकालीन स्थिति में अस्पताल पहुंचाने के लिए किया जाता था। मानिकपुर चौकी प्रभारी नवीन पटेल ने बताया कि एसईसीएल के सुरक्षाकर्मी प्रहलाद पांडे की रिपोर्ट पर पुलिस ने आगजनी का मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।



# 40 स्कूलों में छात्रों के बैठने की जगह नहीं, अतिरिक्त कमरे से सुधरेगी स्थिति



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के सबसे बड़े विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा शासकीय स्कूलों की दैनीय हालत सुशासन तिहार के आवेदनों से सामने आ रही है। ब्लॉक के 40 प्राथमिक शाला ऐसे सामने आए हैं जहां छात्रों की दर्ज संख्या डेढ़ सौ के लगभग है और बैठने के लिए महज तीन कमरे, स्थिति यह है कि स्टॉफ रुम में छात्रों को बैठाना पड़ता है।

**खास बातें**

- तीन कमरों में सौ से अधिक छात्र बैठते हैं, अब दो और कमरों की दी गई सौगात
- पोड़ी ब्लाक के स्कूलों की दैनीय हालत आ रही है सामने

ग्रामीण अंचलों में पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के दुरुस्त वनांचल क्षेत्रों में किए गए स्कूल भवन निर्माण के लेआउट में कई खामी सामने आ रही है। बताया जाता है कि विभागीय स्तर पर तैयार किए गए लेआउट के हिसाब से भवन के निर्माण नहीं होने से कमरों की संख्या कम हो रही है। यह एक प्रकार की तकनीकी त्रुटी है जिसे आमतौर पर ग्रामीण और जनप्रतिनिधि समझ नहीं पाते और ठेकेदार इसका फायदा उठा लेते हैं। सुशासन तिहार के दौरान ग्रामीणों ने स्कूलों में छात्रों की बैठने की जगह नहीं होने और अतिरिक्त कमरे की मांग के लिए जब आवेदन लेना शुरु किया तो स्थिति चौकाने वाली सामने आई है। प्रारंभिक तौर पर जिला प्रशासन की ओर से 40 प्राथमिक शाला जहां छात्र संख्या डेढ़ सौ के लगभग हैं और छात्रों को बैठने की जगह नहीं होने की समस्या से जूझना पड़ता है। शिक्षकों के द्वारा इस समस्या से विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को अवगत कराए जाने के बाद भी विकासखंड मुख्यालय से किसी तरह के प्रस्ताव जिला मुख्यालय नहीं भेजे गए। परिणाम स्वरुप ग्रामीणों को सामने आना पड़ा और सुशासन तिहार में अपने बच्चों के शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के उद्देश्य से उन्होंने आवेदन देना शुरु किया। प्रारंभिक तौर पर जिला प्रशासन ने इन 40 प्राथमिक शालाओं के लिए दो दो अतिरिक्त कमरे निर्माण की स्वीकृति दी है। इन दो अतिरिक्त कमरों की सुविधा मिलने के बाद प्रत्येक प्राथमिक शाला में दो अतिरिक्त कमरे बनाए जाएंगे।

**समग्र शिक्षा में दबी रहती है फाइल**

नवा जतन योजना भी शिक्षा विभाग में आई थी जिसमें जर्जर स्कूलों के जीर्णोद्धार से लेकर नए अतिरिक्त कमरे निर्माण भी किया जाना था। ऐसे कार्यों का प्रस्ताव तैयार कर उसकी फाइल तैयार की जाती है जो शिक्षा विभाग के समग्र शिक्षा विभाग में दबी रहती है और जब तक स्कूल के प्रधानपाठक समग्र शिक्षा के अधिकारियों से नहीं मिलते तब तक उनकी फाइलें आगे नहीं बढ़ती यह बात भी पोड़ी ब्लॉक के पंचायत प्रतिनिधि और शिक्षकों ने कही है।

### बकरा बकरी की चोरी मामला दर्ज

**कोरबा।** श्यांग थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रपता निवासी घनसाय मंझवार उम्र 35 वर्ष पिता केदाराम मंझवार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रविवार की रात वह खाना खाकर रात 9 बजे घर में सो रहा था। रात के लगभग 3:30 बजे बकरी के बच्चे की चिल्लाने की आवाज सुनकर बाहर निकला तो देखा कि प्रधानमंत्री आवास मकान में कुल 13 नग जिसमें बड़े-बड़े भूरा रंग का 5 नग बकरी 2 नग काला रंग का बकरा तथा छोटे साइज के पंडेरी 4 नग भूरा रंग के तथा दो नग छोटा पिल्ला था जिसे अज्ञात चोर के द्वारा 2 नग बकरी के पिल्ले को छोड़कर सभी को चोरी कर ले गया।

# दूसरे दिन भी देर रात तक नहीं हो पाई विद्युत व्यवस्था बहाल, सड़क पर उतरे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दो दिनों पूर्व जिले में आए तेज आंधी तूफान की वजह से जिले की विद्युत व्यवस्था ध्वस्त हो गई थी। जगह जगह विद्युत पोल धराशायी हो गए थे और तार टूट गए थे जिसके बाद 24 घंटे बाद ही विद्युत व्यवस्था बहाल नहीं हो पायी थी। जिसे लेकर कई इलाकों में आक्रोश की स्थिति निर्मित हो गई थी। दूसरी ओर सर्वमंगला बरमपुर मार्ग में आक्रोशित लोग सड़क पर उतरे थे और चक्काजाम समाप्त हुआ था। पुलिस की समझाइश के बाद किसी तरह विद्युत व्यवस्था देर रात को बहाल हो पायी है।

**खास बात**

- आंधी तूफान ने जमकर मचाई थी तबाही, विभाग ने 3 दिनों तक युद्धस्तर पर किया काम



चक्काजाम का प्रयास करते लोग।

उल्लेखनीय है कि शनिवार की दोपहर जिले में जमकर आंधी तूफान और बारिश हुई थी जिसके चलते विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गईं थी। वितरण विभाग की टीम विद्युत व्यवस्था को बहाल करने में लगी हुई थी लेकिन आंधी तूफान ने इतनी तबाही मचाई थी कि कई इलाकों में विद्युत व्यवस्था बहाल नहीं हो पाया था। रविवार की देर रात बिजली गुल होने की वजह से अक्रोशित लोग सड़क पर उतर गए और सड़क जाम कर दिया। पहला जाम बरमपुर मोड के पास हुआ जहां बरमपुर के लोगों ने बिजली गुल की समस्या को लेकर सड़क पर चक्काजाम कर दिया वहीं सर्वमंगला चौक के आगे पुल पार करने के बाद सर्वमंगला पारा में लोगों ने बिजली गुल होने की वजह से पेड़ पौधे सड़क पर रखकर चक्काजाम कर दिया। ऐसे में इस मार्ग पर आवाजाही करने वाले लोगों को काफी दिक्कतो का समाना करना पड़ रहा है बद में पुलिस प्रशासल की समझाइश के बाद किसी तरह मामला शांत हुआ।

### किशोरी की संदिग्ध मौत जांच में जुटी पुलिस

**कोरबा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नकटीखार निवासी पूजा उरांव 15 वर्ष पिता कन्हैयालाल उरांव कक्षा 9वीं की छात्रा थी। बताया जाता है कि सोमवार की तड़के उसके सिर में गंभीर दर्द होने पर परिजन उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल लेकर पहुंचे थे। जहां इलाज के दौरान पूजा की मौत हो गई है। पूजा की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। परिजनों की सूचना पर जिला अस्पताल पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पूजा पास के ही गांव में कक्षा 9वीं की छात्रा थी परिजनों को भी समझ में नहीं आ रहा है कि आखिर उसकी मौत कैसे हुई है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही उसके मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

### बाड़ी में चोरों का धावा, हजारों का माल पार

**कोरबा।** रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत प्रेमनगर निवासी राकेश कुमार चौहान उम्र 31 वर्ष पिता स्व० रामा चौहान ने चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि छुईढोड़ा पांचआमा में उसकी बाड़ी है। 2 मई की शाम करीबन 6 बजे अपने बाड़ी को ताला लगाकर अपने घर आया था। 3 मई की सुबह करीबन 7 बजे राकेश अपने बाड़ी गया तो देखा कि बाड़ी के मकान का ताला टूटा हुआ था। मकान का समान छितर बितर पड़ा था। जिसमें पैरा काटने का मशीन का मोटर, सिलिंग फेन, कुलर का मोटर, गिटार, खटिया, दो नग साबर, रांपा, गैती एवं सोलर पैनल का मोटर पंप केबल पैनल एवं बर्तन को चोरी कर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा ले गया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
18 मई, 04 जून, 16 अगस्त, 06 सितम्बर, 05 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार
1 तोला, 5 ग्राम
सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार
1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार
2 नग
रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार
3 नग
LED TV
सांत्वना पुरस्कार
1100
नियम व शर्तें लागू*
नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।